श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

सच की ताकत, खबरों के साथ

9414917401 ♦ मंगलवार ♦ 24 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 924

आधी रात घर में घुसे चोर, दो युवकों ने भिड़कर एक को पकड़ा- चार-पांच चोर दो संदूक लेकर फरार





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 24 नवंबर 2026। क्षेत्र के गांव लखासर में आधी रात चोरी की वारदात के दौरान घर के दो युवकों ने साहस दिखाते हुए एक चोर को दबोच लिया। चोरों के अन्य साथी नकदी और सोने-चांदी के जेवरों से भरे दो संदूक लेकर फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी को ग्रामीणों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। लखासर निवासी जेठाराम पुत्र गोवर्धन जाट ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 22 नवंबर की रात वह अपने खेत में था तथा घर पर उसके पिता, भतीजे, महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। रात करीब 3 से 4 बजे के बीच अज्ञात चोर चोरी की नीयत से घर में घुसे। चोरों ने पहले आंगन की लाइट बंद की और फिर कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे लोहे के संदूक निकालकर ले जाने लगे। इसी दौरान घर में सो रहे भतीजे सुनील और मनदीप की नींद खुल गई। दोनों युवकों ने चोरों का पीछा किया और एक आरोपी को पकड़ लिया। उसके पास से एक बंदूक, लोहे की रॉड, टॉर्च और मोबाइल मिला। पकड़े गए चोर ने युवकों के साथ मारपीट की और बंदूक दिखाकर डराने का प्रयास किया। शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर आरोपी को काबू कर लिया। इस दौरान एक लोहे का संदूक भी वापस ले लिया गया, जबकि अन्य चोर दो संदूक लेकर फरार हो गए। परिवादी के अनुसार चोरी हुए एक संदूक में 50 हजार रुपए नकद, सोने के 16 मोती, पांच सोने के फुलड़े, एक जोड़ी चांदी की पायल और कपड़े थे। वहीं दूसरे संदूक में 10 हजार रुपए नकद, बच्चों के चांदी के एक जोड़ी कड़े, एक सोने की रखड़ी, एक चांदी की रखड़ी, सोने की अंगूठी और कपड़े रखे थे। परिवादी ने वारदात में चार-पांच चोरों के अलावा तीन-चार अन्य लोगों के भी शामिल होने का अंदेशा जताया है। पकड़े गए आरोपी और उसके पास मिले सामान को पुलिस के सुपुर्द करते हुए चोरी हुए शेष सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई राजकुमार को सौंपी है।

पत्नी ने पति को सौंपी पंचायत की बागडोर, पूर्व सरपंच ने माला पहनाकर किया स्वागत











श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 24 नवंबर 2026। ग्राम पंचायत रीड़ी में नवनिर्वाचित सरपंच हेतराम जाखड़ और उपसरपंच कालूनाथ सिद्ध ने आज विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विजयी जनप्रतिनिधियों का स्वागत और अभिनंदन किया। समारोह का विशेष क्षण रहा, जब पूर्व सरपंच एवं हेतराम जाखड़ की पत्नी गुड्डी देवी ने अपने पति को माला पहनाकर पंचायत की बागडोर सौंपी और नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं उपसरपंच कालूनाथ सिद्ध जाखड़ सहित सभी नवनिर्वाचित वार्ड पंचों का ग्रामीणों ने माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी हितेश कुमार, समस्त वार्ड पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सरपंच जाखड़ ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए गांव में विकास के नए आयाम तय करने की बात कही।

बिजली पोल पर फाल्ट ठीक करते समय करंट की चपेट में आया युवक, इलाज के दौरान हुई मौत

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 24 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ कस्बे के रानी बाजार में बिजली पोल पर फाल्ट ठीक करने के दौरान हुए हादसे में घायल युवक की रविवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक करंट की चपेट में आने के बाद पोल से नीचे गिर गया था, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। दुसारणा बड़ा निवासी 29 वर्षीय शीशपाल पुत्र मुन्नीनाथ सिद्ध ने पुलिस को दी रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसका छोटा भाई लालनाथ पिछले कई वर्षों से विद्युत विभाग की एफआरटी टीम में कार्यरत था। 17 नवंबर की सुबह करीब 10.30 बजे वह रानी बाजार रोड पर बिजली लाइन में आए फाल्ट को ठीक करते समय पोल पर कार्य कर रहा था। तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गया और नीचे गिर पड़ा। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोट आई। परिजन उसे तत्काल पीबीएम अस्पताल बीकानेर लेकर पहुंचे। वहां दो-तीन घंटे उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया। जयपुर में उपचार के दौरान रविवार को लालनाथ ने दम तोड़ दिया। सूचना पर एएसआई भगवानाराम ने परिवादी की रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

रेलयात्रियों के लिए बड़ी खबर- रतनगढ़-बीकानेर रेलखंड पर अनुरक्षण कार्य के कारण रेलसेवाएं रद्द, आंशिक रद्द एवं रीशड्यूल रहेंगी

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 24 नवंबर 2026। उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल पर बेनीसर-सूडसर-नापासर स्टेशनों के मध्य रेल पथ अनुरक्षण कार्य हेतु ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके कारण इस रेलखंड पर रेल यातायात प्रभावित रहेगा तथा कुछ रेलसेवाएं रद्द, आंशिक रद्द एवं रीशड्यूल रहेंगी। क्षेत्र में सभी प्रकार की यात्रा की व्यवस्थाएं करने वाले चोखी यात्रा डॉट कॉम के महेश बोहरा ने आमजन की सुविधार्थ जानकारी देते हुए बताया कि गाड़ी संख्या 74856 रतनगढ़-बीकानेर रेलसेवा 24 नवंबर एवं 08 दिसंबर 2026 तथा गाड़ी संख्या 74855 बीकानेर-रतनगढ़ रेलसेवा 25 नवंबर एवं 09 दिसंबर 2026 को रद्द रहेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 14898 हिसार-बीकानेर रेलसेवा 25 नवंबर एवं 09 दिसंबर को रतनगढ़ तक तथा गाड़ी संख्या 74831 बीकानेर-चूरू रेलसेवा उक्त तिथियों को रतनगढ़ से संचालित होगी। इसके अतिरिक्त, गाड़ी संख्या 14718 हरिद्वार-बीकानेर रेलसेवा 24 नवंबर को 03 घंटे एवं 08 दिसंबर को 02 घंटे 30 मिनट तथा गाड़ी संख्या 12457 दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा दोनों तिथियों को 01 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी।





जमानत पर आए आरोपी ने नाबालिग का अपहरण किया, भाई ने दर्ज करवाया दूसरा मामला

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 24 नवंबर 2026। जोधपुर कोर्ट से पॉक्सो के मामले में जमानत पर आए एक आरोपी पर अपने पिता की मदद से नाबालिग का अपहरण कर लेने के आरोप में एक ओर मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित के भाई ने थाने पहुंचकर आरोपी की जमानत खारिज करने, नाबालिग को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द करवाने, नाबालिग के फोटो वीडियो डिलिट करवाने की मांग करते हुए मामला दर्ज करवाया है। परिवादी युवक ने पुलिस को बताया कि इंदपालसर बड़ा निवासी मुकेश के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में दर्ज मामले में जोधपुर कोर्ट से जमानत पर है। आरोपी ने इस मामले में उन्हें राजीनामा करने के लिए धमकाया। आरोपी 9 नवंबर को अपने पिता के साथ उसकी ढाणी में आया और उसकी नाबालिग 16 वर्षीय बहन को उठा ले जाने की धमकी दी। राजीनामा से मना करने पर आरोपी युवक के पिता ने नाबालिग के फोटो वायरल करने के लिए उकसाया। आरोपी ने 19 नवंबर की रात करीब 10 बजे अपने पिता की मदद से युवती का अपहरण कर लिया, जो अभी तक उसके ही कब्जे में है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल धापा के सुपुर्द कर दी गई है।

भारत नहीं हासिल कर सका 10 विकेट, पहला टेस्ट ड्रा

आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2026-27 के पहले टेस्ट में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। सोमवार को बेसिन रिजर्व में खेले गए इस मैच के पांचवें और आखिरी दिन न्यूजीलैंड ने डटकर बल्लेबाजी की और अपनी दूसरी पारी में 5 विकेट पर 239 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में 352 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की थी। आखिरी दिन भारत ने 3 विकेट भी लिए, लेकिन इसके बावजूद वे जीत दर्ज नहीं कर सके। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पहले दिन के शुरुआती सेशन के बाद पिच से गेंदबाजों को कोई खास मदद नहीं मिली। इस ड्रॉ मुकाबले से दोनों टीमों को 4-4 अंक मिले। इस नतीजे से अगले साल जून में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत के पहुंचने की संभावनाओं को कोई खास फायदा नहीं मिला। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और न्यूजीलैंड के 5 विकेट सिर्फ 70 रनों पर गिरा दिए। इसके बाद न्यूजीलैंड ने शानदार वापसी की। हेनरी निकोल्स ने नाबाद 175 रनों की पारी खेली, जबकि ग्लेन फिलिप्स ने 118 रन बनाए (जो उनका दूसरा टेस्ट शतक था)। इन पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 368 रन बनाए।

मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर छात्राओं को किया जागरूक





श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 24 नवंबर 2026। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत सोमवार को सदू देवी पारख राजकीय कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने और निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूक किया गया। उपखंड अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी झंवरलाल मित्तल के निर्देशन में कॉलेज ईएलसी की ओर से निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नायब तहसीलदार निर्वाचन रमेश सिंह चौहान के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में महावि द्यालय प्राचार्य अनुराधा बिस्सा ने पर्यवेक्षण किया। प्रतियोगिताओं का संचालन सहायक आचार्य कमल सिंह, प्रभा, प्रियंका, चित्रा, आनंद नारायण, सीमा खडगावत एवं दयानंद ने किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में ललिता ने प्रथम, रुचिका व्यास और सोनू खोड़ ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा आरती शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वसुंधरा मेघवाल प्रथम, रुचिका शर्मा द्वितीय तथा पार्वती प्रजापत और प्रियंका नाथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नशा मुक्त राजस्थान का संकल्प हो रहा तेजी से साकार

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प पर तेजी से कार्य करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध उत्पादन एवं नशे के कारोबार में लिप्त के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गत 3 वर्षों में प्रदेश में व्यापक स्तर पर मादक पदार्थों की जब्ती और अपराधियों की गिरफ्तारी कर अवैध नशे के नेटवर्क पर सर्जिकल स्ट्राइक की गई है। एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने वर्ष 2024 से 2026 (अक्टूबर) तक एनडीपीएस एक्ट के तहत 18 हजार 497 प्रकरण दर्ज कर 27 हजार 473 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस अवधि में लगभग 2 हजार 445 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। वहीं, नशे के अवैध कारोबार में प्रयुक्त 13 हजार 620 वाहन भी जब्त किए गए है। प्रदेशभर के जिलों, विशेषकर सीमावर्ती, में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सघन कार्रवाइयों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2026 में ही 7 हजार 44 प्रकरण दर्ज किए गए, जो वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 34 प्रतिशत अधिक हैं। इसी प्रकार, मादक पदार्थों की अवैध खेती और उत्पादन के नेटवर्क को समाप्त करने के उद्देश्य से प्रभावी कार्रवाई करते हुए गत 3 वर्षों में कुल 288 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। अवैध मादक पदार्थों के निर्माण की फैक्टियों, विशेषकर एमडी ड्रग्स, के विरुद्ध गत तीन वर्षों में कुल 49 प्रकरण दर्ज कर 115 आरोपियों को गिरफ्तार किया गए हैं। नशे के कारोबार के आर्थिक नेटवर्क को तोड़ने के लिए भी सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। वर्ष 2025 में 133 प्रकरणों में 66 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 55 करोड़ रुपये और वर्ष 2026 में 250 प्रकरणों में 75 संपत्तियों के विरुद्ध लगभग 30 करोड़ रुपये मूल्य में बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत वर्ष 2025 और 2026 में 173 इस्तगासे प्रस्तुत कर प्रभावी कार्रवाई की गई है। वहीं, एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत 170 मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार, वर्ष 2026 तक प्रदेश में फरार, हार्डकोर एवं इनामी श्रेणी के 3 हजार 450 वांछित को गिरफ्तार किया गया। नशे के कारोबार के 236 हॉटस्पॉट पर छापेमारी कर 473 कार्रवाइयां भी की गई।



नवीन के भाषण वाले वीडियो से छेड़छाड़ को लेकर दिल्ली भाजपा ने की पुलिस से शिकायत, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के भाषण वाले वीडियो से छेड़छाड़ के मामले को लेकर पार्टी की प्रदेश इकाई ने दिल्ली पुलिस से शिकायत की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद प्रवीन खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश भाटिया, प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर तथा पार्टी की प्रदेश इकाई के कानूनी विभाग के प्रमुख अधिवक्ता संकेत गुप्ता ने मध्य जिला के पुलिस उपायुक्त के कार्यालय पहुंच कर सोमवार को इस सुनियोजित डिजिटल कदाचार के विरुद्ध विस्तृत आपराधिक शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने आज बताया कि श्री नवीन ने गत 22 नवंबर को चंडीगढ़ में एक सार्वजनिक जनसभा को संबोधित किया था। इस संबोधन की वास्तविक वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ छेड़छाड़ कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डीपफेक तकनीक के माध्यम से एक भ्रामक और पूरी तरह मनगढ़ंत वीडियो तैयार किया गया, जिसमें श्री नवीन के नाम से ऐसे बयान प्रसारित किए गये, जो उन्होंने अपने वास्तविक संबोधन में कभी दिए ही नहीं।.लिस उपायुक्त से इस मामले की शिकायत करने के बाद श्री मल्होत्रा ने संवाददाताओं से हुए कहा कि पुलिस शिकायत में स्पष्ट किया गया है कि सोशल मीडिया पर एक समाचार एजेंसी की वास्तविक वीडियो कवरेज जैसी दिखने वाली रिकॉर्डिंग का दुरुपयोग किया गया है, जिसमें कथित रूप से एआई आधारित डिजिटल छेड़छाड़ की गयी। इसके माध्यम से भारत-चीन संबंधों, पाकिस्तान, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन तथा भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके-1 जैसे अत्यंत संवेदनशील राष्ट्रीय विषयों पर श्री नवीन के नाम से झूठे और भ्रामक वक्तव्य गढ़कर प्रसारित किए गये हैं। श्री मल्होत्रा ने कहा कि राजनीतिक विरोध



और वैचारिक मतभेद लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन तकनीक का दुरुपयोग कर किसी नेता के नाम से फर्जी भाषण गढ़ना और उसे वास्तविक बताकर प्रसारित करना किसी भी स्थिति में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में नहीं आ सकता। उन्होंने कहा कि यह महज राजनीतिक आलोचना अथवा विचारों की अभिव्यक्ति का मामला नहीं है, बल्कि किसी वरिष्ठ राष्ट्रीय राजनीतिक नेतृत्व के चेहरे, आवाज और वास्तविक सार्वजनिक संबोधन का कथित डिजिटल दुरुपयोग कर एक फर्जी बयान को वास्तविक बताकर जनता के बीच प्रसारित करने का गंभीर मामला है। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल संबंधित नेता की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास हैं, बल्कि देश की विदेश नीति, सामरिक हितों और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर जनता के बीच भ्रम, अविश्वास और अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने की क्षमता रखती हैं।

भारती निकेतन शिक्षण संस्थान में लगा साइंस फेयर- रेन वाटर हार्वेस्टिंग से समझाया जल संरक्षण का महत्व, 50 से अधिक नन्हें वैज्ञानिकों ने बनाए प्रोजेक्टस

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 24 नवंबर 2026। भारती निकेतन शिक्षण संस्थान में सोमवार को साइंस फेयर का आयोजन किया गया। कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने शानदार प्रोजेक्ट्स तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संस्थान के डायरेक्टर गिरधर गोपाल स्वामी ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल से अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया व खूब सराहना बटोरी। फेयर में विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स कार बनाकर आधुनिक तकनीक की झलक दिखाई। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के कोडिंग प्रोजेक्ट्स, सेंसर आधारित मॉडल, ऑटोमेशन सिस्टम तथा वैज्ञानिक तकनीक से जुड़े अनेक उपयोगी और नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट्स तैयार किए। वहीं रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण का महत्व भी समझाया। स्वामी ने बताया कि खास बात यह रही कि विद्यार्थियों ने केवल मॉडल बनाकर ही नहीं दिखाए, बल्कि उनके पीछे काम करने वाले वैज्ञानिक सिद्धांतों, कोडिंग और तकनीकी प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी। सेंसर और प्रोग्रामिंग का उपयोग कर तैयार किए गए प्रोजेक्ट्स ने यह साबित कर दिया कि आज के विद्यार्थी कम उम्र में आधुनिक तकनीक को समझने और उसे व्यावहारिक रूप देने की क्षमता रखते हैं। संस्थान के श्रीकिशन स्वामी ने बताया कि नन्हे वैज्ञानिकों का यह प्रयास इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी मे वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और आत्मनिर्भर बनने की क्षमता विकसित होनी चाहिए।









स्वामी ने कहा कि भारती निकेतन एजुकेशन हब का लक्ष्य बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ ऐसी व्यावहारिक स्किल्स (कौशल) से जोड़ना है, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सकें। संस्था का मानना है कि प्रत्येक बच्चे के अंदर कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, जरूरत है तो बस उसे पहचानने और निखारने की। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी पढ़ाई में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ अपने हुनर और कौशल के दम पर भविष्य में आत्मनिर्भर भी बन सकें। इस दौरान स्कूल का स्टाफ, साइंस विंग के डायरेक्टर व स्टाफ सहित अनेक विद्यार्थी शामिल हुए।





श्रीडूंगरगढ़ कृषि मंडी से सभी जिंसो के भाव

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 24 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ अनाज मंडी में मूंगफली की आवक लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को ग्वार और मूंगफली के भावों में सुधार दर्ज हुआ है।

नई खल - 4100/- 4400/-
ग्वार 8000/- 8051/-
ग्वार काला - 7000/- 7700/-
मोठ नया- 9200/- 9551/-
मोठ -7000/-8000
चना- 6700/- 7000/-
रूसी चना- 6600/- 7200/-
मैथी नई- 6800/- 7500/ -
गेहूं - 2700/- 2750/-
गेहूं1482 - 2800/- 3500/-
बाजरी - 2700/- 2850/-
बाजरी देसी- 4000/-5000
तारामीरा नया- 5000/- 5700/-
सरसों नई - 7100/- 7900/-
पीली सरसों - 6800/-7500
खडबा सरसों -आवक नहीं है।
ईसबगोल नया- 13000/- 15700/-
पैकेट ईसबगोल 16500/- 17800/-
जीरा नया- 24500/- 26000/-
मूंग नया- 7000/- 8000/-
मूंग -6000/-7000/-
मूंगफली खला नया ड्ड 6500/- 8201/-
सिकाई मुंगफली -8000/- 9100
मूंगफली चुगा नया - 7000/- 7800/-
मूंगफली दाल - 7000/- 8000/-
मूंगफली कल्याणी - 5000/- 6000/-
मूंगफली बोबरू - 4500/- 6000/-
मूंगफली गोटा फ्रेश - 8000/- 9000/-
तिल- 11000/- 12000/-
जौ नया- 2700/- 3100/-
मूंग चूरी - 40,1300/- 1400/-
मोठ चूरी- 40, 1100/- 1250/-
नया धाना - 12500/-16500/-

कांग्रेस-सपा के बीच गठबंधन पर सहमति, दो-तीन दिन में सीट बंटवारे पर फैसला

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन और सीटों के बंटवारे को लेकर सोमवार को पहली औपचारिक बैठक हुई जिसके बाद दोनों दलों के नेताओं ने दावा किया कि बातचीत सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक माहौल में हुई और जल्द ही सीटों के बंटवारे पर फैसला हो जाएगा। कांग्रेस तथा सपा दोनों दलों के नेताओं ने कहा है कि गठबंधन तय है और सीटों का बंटवारा दोनों दलों की ताकत, चुनावी समीकरणों और सीट जीतने की संभावना को ध्यान में रखकर किया जाएगा। गठबंधन का लक्ष्य दो-तिहाई बहुमत हासिल करना है और इसके लिए दोनों दल अपनी ताकत मिलाकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने का भरोसा जताया। बैठक कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी के आवास पर हुई जिसमें दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद कांग्रेस और सपा के नेताओं ने बातचीत के सकारात्मक माहौल में होने तथा जल्द सीट बंटवारे पर समझौता होने का दावा किया है। करीब आधे घंटे चली बैठक में सीटों के बंटवारे और चुनावी समीकरणों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने पत्रकारों से कहा कि बातचीत बहुत अच्छी और सकारात्मक रही। दोनों दल मिलकर चुनाव लड़ने पर सहमत हैं और जल्द ही आपसी सहमति से समझौते पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे का मामला लगभग अंतिम रूप ले चुका है लेकिन अभी इसका विवरण साझा नहीं किया जाएगा। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि दोनों दलों के नेताओं के बीच कल मंगलवार को भी बैठक होगी। उनका कहना था कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन तय है इसको लेकर दोनों दलों में किसी को चिंता नहीं है तो भाजपा क्यों परेशान है।

सरस महाराज की जयंती पर सारस्वत भवन में हुआ सुंदरकांड पाठ, श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 24 नवंबर 2026। कस्बे में सोमवार को सरस महाराज की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। सरकारी अस्पताल के पास स्थित सारस्वत भवन में सारस्वत युवा नवोत्थान समिति (कुण्डीय) द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। रात 8 बजे शुरू हुए संगीतमय पाठ में पंडित कैलाश सारस्वत ने भजनों के साथ सुंदरकांड का वाचन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पाठ में भाग लेकर धर्मलाभ लिया। आयोजन में सारस्वत समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।



वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग के अध्यक्ष ने मुख्य सचिव एवं उच्च अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक



जयपुर। वायु गुणवत्ता प्रबंध आयोग के अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए राज्य स्तरीय कार्ययोजना के साथ-साथ जिला स्तरीय कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी। साथ ही तकनीक का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। श्री वर्मा सोमवार को शासन सचिवालय में एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सुधार एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रदेश में किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि एनसीआर में प्रदूषण की समस्या गंभीर है। विशेष रूप से भिवाड़ी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने औद्योगिक प्रदूषण, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन, सड़क की धूल, निर्माण एवं विध्वंस कचरे, पराली एवं बायोमास जलाने तथा यातायात जाम से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। %नो पीयूसीसी, नो फ्यूल% की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित हो– श्री वर्मा ने एनसीआर क्षेत्र के पेट्रोल पंपों एवं सीएनजी स्टेशनों पर ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर) कैमरों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नो पीयूसीसी, नो फ्यूल% व्यवस्था के तहत प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसीसी) नहीं रखने वाले वाहनों को ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाए। साथ ही इसके लिए प्रभावी मॉनिटरिंग व्यवस्था विकसित की जाए। प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र के 362 पेट्रोल पंपों पर एएनपीआर कैमरों की स्थापना का कार्य प्रगतिरत है। इस वर्ष पीयूसीसी नियमों के उल्लंघन पर कुल 76,151 चालान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 438 वाहनों को स्क्रैप किया गया है तथा 1,526 वाहनों के स्थानांतरण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किए गए हैं। उन्होंने एनसीआर में ऑटोमेटेड चालान व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए चिह्नित स्थानों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) कैमरों की स्थापना शीघ्र पूर्ण करने तथा ऑनलाइन डिलीवरी में प्रयुक्त होने वाले वाहनों को प्राथमिकता से इलेक्ट्रिक वाहनों में परिवर्तित करने पर जोर दिया। %परिवर्तन% योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर– आयोग अध्यक्ष ने %परिवर्तन% योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीएस से पूर्व के ट्रकों एवं बसों को बीएस-मानक वाले वाहनों अथवा सीएनजी एवं इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे स्वच्छ ईंधन आधारित वाहनों से प्रतिस्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। साथ ही एनसीआर क्षेत्र में पुराने एवं अधिक प्रदूषणकारी वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। बीएस-3 एवं इससे नीचे के मानकों वाले वाहनों की स्क्रैपिंग सुनिश्चित की जाए। प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग ने बताया कि अलवर एवं भरतपुर में कुल 5,732 डीजल ऑटोरिक्शा में से 4,232 के संचालन पर रोक लगाई जा चुकी है। तथा %परिवर्तन% योजना के तहत पुराने वाहनों को बदलने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। सड़क की धूल एवं निर्माण गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण– श्री वर्मा ने कहा कि सड़क की धूल (रोड डस्ट) एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत है। इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग सहित अन्य उपाय प्राथमिकता से लागू किए जाएं। उन्होंने सड़कों से धूल हटाने के कार्य में और तेजी लाने पर जोर दिया। साथ ही धूल प्रदूषण की निगरानी एवं नियंत्रण के लिए 500 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले निर्माण एवं विध्वंस स्थलों का अनिवार्य ऑनलाइन पंजीकरण, कैमरा एवं पर्टिकुलट मैटर के सेन्सर लगवाकर दूरस्थ निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

